# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

## सराहनीय कार्य

दिनांक 24.10.2020

**1-थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा एक अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से 52000 रूपये नकद, 01 मोटर साइकिल, 05 मोबाइल फोन, 07 एटीएम कार्ड, 01 लैपटॉप, 04 मोहरें आदि बरामद।**

दिनांक 24.10.2020 को थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा अभियुक्त 1. अशोक कुमार पुत्र हेमराज निवासी वाघई कटैलिया थाना नौहझील जिला मथुरा को कौशल्या चौराहे के पास गन्दा नाला पुल थाना क्षेत्र नॉलेज पार्क से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 लैपटाप, 05 मोबाइल, 07 एटीएम कार्ड, 01 पेटीएम साउण्ड बॉक्स, 04 मोहर, एक पैड, 01 चैक बुक, 04 सिम, 43 पेज डाटा सीट, 52 हजार रूपया नकद व मोटर साइकिल न0 डीएल 7 एस सीसी 9046 स्पलेण्डर रंग काला बरामद किये गये है।

**अपराध करने का तरीका-**

अभियुक्त शातिर किस्म का साईबर अपराधी है जो आनलाईन डाटा खरीद कर उसका प्रिन्ट निकालकर भोले भाले कस्ट्रमर को फर्जी लोन देने का लालच देकर मोबाइल से बात करके उनसे अपने खाते मे सर्विस चार्ज, फाइल चार्ज, प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रूपया जमा करवा लेता है । उनको विश्वास दिलाने के लिये कागजो पर फर्जी मोहर लगाकर भेज देते थे । अभियुक्त क्षेत्र मे घूमकर स्थान बदल -बदल कर लोगो को कॉल करके उन्हे बहलाकर पैसे अकाउण्ट मे डलवा लेता है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अशोक कुमार पुत्र हेमराज निवासी वाघई कटैलिया थाना नौहझील जिला मथुरा

**आपराधिक इतिहास -**

1.मु0अ0स0 219/2019 धारा 364 ए भादवि थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर

2.मु0अ0स0 222/2019 धारा 307,420,467,468,471 भादवि थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर

3.मु0अ0स0 224/2019 धारा 25/27 शस्त्र अधि0 थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर

4.मु0अ0स0 1335/2019 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर

5.मु0अ0स0 364/2020 धारा 420,406 भादवि व 66 आई टी एक्ट थाना नालेज पार्क गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण -**

1. 52 हजार रूपया नगद

2. 05 मोबाइल फोन अलग-अलग कम्पनी के,

3. 07 एटीएम कार्ड अलग -अलग बैंको के

4. 01 पेटीएम साउण्ड बॉक्स ,

5. 01 लैपटाप

6. 01 पैड

7. 01 चैक बुक

8. 04 सिम

9. 43 पेज डाटा सीट

10. 04 मोहर

11. एक मोटरसाइकिल न0 डीएल 7 एस सीसी 9046 स्पलेण्डर

**2- थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक चाकू बरामद।**

दिनांक 24.10.2020 को थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 363/2020 धारा 324, 504,506 भादवि का वांछित अभियुक्त शेरखाँन पुत्र कासिम निवासी ग्राम मकनपुर आजादपुर मण्डी के पास थाना बुराडी दिल्ली वर्तमान पता मेन्टल अस्पताल के पास झुग्गी ग्राम तुगलपुर थाना नालेज पार्क

गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के रामईश कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक चाकू बरामद हुआ है।

**अभियुक्त का विवरण-**

शेरखाँन पुत्र कासिम कासिम निवासी ग्राम मकनपुर आजादपुर मण्डी के पास थाना बुराडी दिल्ली वर्तमान पता मेन्टल अस्पताल के पास झुग्गी ग्राम तुगलपुर थाना नॉलेज पार्क गौतमबुद्धनगर

**आपराधिक इतिहास का विवरण-**

1. मु0अ0स0 363/2020 धारा 324,504,506 भादवि थाना नॉलेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

2. मु0अ0स0 365/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नॉलेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

एक अवैध चाकू

**प्रेस विज्ञप्ति**

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्बन्ध में नारी सशक्तिकरण /सम्मान हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत आज दिनांक 24.10.2020 को पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में चल रहे सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैप्सूल के समापन पर पुलिस उपायुक्त महिला एवं बाल सुरक्षा द्वारा बालिकाओं को प्रोत्साहित/जागरूक किया गया एवं बालिकाओं के सेल्फ डिफेंस प्रदर्शन को देखा गया। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित कुमारी पूनम विश्नोई उप क्रीडा अधिकारी गौतमबुद्धनगर उपस्थित रहीं ।इस कार्यक्रम में 65 बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया।



## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.10.2020 को आगामी पर्वो के दृष्टिगत थाना क्षेत्र बिसरख मे महिला उप निरीक्षक सरिता मलिक, महिला सुरक्षा इकाई टीम के साथ सीएनजी पेट्रोल पंप के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 1 सोने की चैन लावारिस हालत में मिली। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास के बाद उक्त चैन के स्वामी प्रमोद कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी न्यू गरिमा गार्डन कालोनी अवंतिका 2 थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद तथा उनकी पत्नी श्रीमती प्रीति सिंह को खोजकर चैन को उनके सुपुर्द किया गया। चैन पाकर श्रीमती प्रीति सिंह जी व उनके परिवार ने पुलिस का बहुत आभार प्रकट किया।

## प्रेस विज्ञप्ति

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्बन्ध में नारी सशक्तिकरण/सम्मान हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के अनुक्रम में दिनांक 24.10.2020 को पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा थाना बीटा 2 मे बने नवीनतम महिला एवं बाल सहायता कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियो से आने वाली शिकायतो के बारे मे जानकारी ली गई व उन्हे जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा, एसीपी महिला सुरक्षा व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



**प्रेस विज्ञप्ति**

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्बन्ध में नारी सशक्तिकरण/सम्मान हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के अनुक्रम में दिनांक 23.10.2020 को प्रदेश के सभी थानों में नवनिर्मित महिला एवं बाल सहायता कक्ष का वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया गया था। इस सन्दर्भ में दिनांक 24.10.2020 को थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर के नवनिर्मित महिला एवं बाल सहायता कक्ष पर डीसीपी महिला सुरक्षा, डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा, थाना बिसरख पुलिस व एमवे इण्डिया की प्रमुख श्रीमती अलका जी के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बालिकाओं को पुलिस हेल्पलाइन व अन्य जरूरी सेवाओं के बारे में जागरूक कराना रहा ताकि वे महिला सम्बन्धी अपराध व शोषण का डटकर सामना कर सकें तथा निर्भीक होकर अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकें।